# डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक :सम्ब/1856/2026 दिनांक : 03/09/2026

अति आवश्यक सूचना

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय।

**विषयः– सत्र 2026–27 में समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि सत्र 2026–27 की प्रवेश प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से संचालित की जा रही है। विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार नवीन प्रवेशित स्नातक स्तर के छात्र–छात्राओं से रू0 550/– तथा परास्नातक स्तर के छात्र–छात्राओं से रू0 250/– शुल्क लिया जाना निर्धारित है। उक्त शुल्क को महाविद्यालयों द्वारा समर्थ पोर्टल के माध्यम से एक साथ जमा किये जाने की व्यवस्था प्रारम्भ किये जाने के उपरान्त भी कतिपय महाविद्यालयों द्वारा प्रवेश प्रक्रिया में अपेक्षित प्रगति नहीं की जा रही है।

अतः समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि समर्थ पोर्टल पर प्रवेश प्रक्रिया में अपेक्षित गति लाते हुए समस्त पात्र छात्र–छात्राओं के प्रवेश की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर दिनांक 06.09.2026 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। प्रवेश प्रक्रिया में किसी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही न बरती जाये। निर्धारित समय–सीमा में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण न किये जाने अथवा किसी प्रकार की लापरवाही पाये जाने की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय के विरुद्ध नियमानुसार दण्डात्मक/अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए सम्बन्धित महाविद्यालय प्रबन्धन/प्राचार्य स्वयं उत्तरदायी होंगे।

भवदीय,

कुलसचिव

**प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः**

1. प्रभारी, कुलपति सचिवालय – मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. प्रवेश समन्वयक/समर्थ पोर्टल।
3. अधिकृत ऐजेन्सी को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को समस्त महाविद्यालयों की लॉगिन में अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Affisvlett